University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 26 July 2020

AMAR UJALA Page 5

## छात्रों के प्रमोशन पर लगी मुहर, लेकिन परीक्षा फीस पर संशय

### लखनऊ विश्वविद्यालय को परीक्षा फीस के मिलते हैं 25 करोड़ रुपये

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शासन के दिशा निर्देश के बाद स्नातक और परास्नातक के अंतिम वर्ष को छोड़कर बाकी के 1.25 लाख विद्यार्थियों के प्रमोशन पर अपनी मुहर लगा दी है, लेकिन परीक्षा फीस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। लविवि को परीक्षा फीस के रूप में करीब 25 करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं। परीक्षा न होने पर परीक्षा फीस का क्या होना है, ये फीस आगे समायोजित की जाएगी या फिर प्रमोशन के एवज में लविवि ये फीस अपने पास रखेगा, इस पर विद्यार्थी और कॉलेज दोनों में संशय है।



लखनऊ विश्वविद्यालय और कॉलेजों में स्नातक और परास्नातक में कुल मिलाकर करीब एक लाख 55 हजार विद्यार्थी हैं। इनकी परीक्षा लविवि ही आयोजित करता है। लविवि में परीक्षा फार्म की औसत फीस दो हजार रुपये है। राज्य सरकार ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षा कराने तथा बाकी को प्रमोट करने का निर्देश दिया है। अंतिम वर्ष को छोड़कर लविवि में करीब एक लाख 25 हजार विद्यार्थी हैं। इनके परीक्षा फॉर्म भराये जा चुके हैं। हालांकि फीस जमा करने वाले विद्यार्थियों की संख्या अभी शत-प्रतिशत नहीं है। फीस जमा होने पर यह राशि करीब 25 करोड़ रुपये होती है। लविवि को सरकार से सिर्फ 34 करोड़ रुपये का अनुदान मिलता है। इस लिहाज से यह राशि काफी बड़ी है।

### *सवाल : परीक्षा नहीं हो रही है तो परीक्षा फीस क्यों*

प्रमोशन पर निर्णय होने के बाद अब परीक्षा फीस का मुद्दा गरम हो रहा है। विद्यार्थियों का कहना है कि लविवि परीक्षा फ़ीस परीक्षा के खर्च के लिए लेता है। जब परीक्षा नहीं हो रही है तो परीक्षा फीस भी नहीं लेनी चाहिए। लविवि ने अभी तक इस पर अपना रुख साफ नहीं किया है। लविवि ने प्रमोट होने वाले विद्यार्थियों को नंबर से संतुष्ट न होने पर रिजल्ट सुधारने का मौका देने की बात भी कही है। ऐसे में यह सवाल भी बनता है कि इस साल जबकि लविवि फीस पहले ही जमा करा चुका है तो फिर दोबारा परीक्षा देने पर विद्यार्थी को एक बार फिर परीक्षा फीस जमा करनी होगी।

***स्नातक अंतिम वर्ष के सभी छात्र जमा कर चुके हैं फीस :*** लविवि में पिछले दो साल से स्नातक स्तर पर पूरी तरह से सेमेस्टर प्रणाली लागू हुई थी। इस साल वार्षिक प्रणाली में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थी ही हैं। इनकी परीक्षा भी शुरू हो चुकी थी। इसलिए इनकी फीस जमा हो चुकी थी। वहीं दूसरी ओर सेमेस्टर प्रणाली के विद्यार्थियों की परीक्षा शुरू न होने तथा प्रमोट होने की आस में काफी विद्यार्थियों ने अपनी फीस जमा नहीं की है। वे अभी भी लविवि के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

> "परीक्षा में नहीं, लेकिन रिजल्ट बनाने में होगा खर्च
>
> प्रमोट होने की सूरत में भी लविवि को विद्यार्थियों का रिजल्ट तैयार करना होगा। उसमें भी खर्च होगा। इसलिए यह कहना सही नहीं है कि लविवि का कोई खर्च नहीं होना है। वैसे भी लविवि परीक्षा फीस पर राज्य सरकार की गाइडलाइन का इंतजार कर रहा है। जैसा निर्देश होगा उसी के हिसाब से काम होगा। -**डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव,** प्रवक्ता लविवि

THE PIONEER PAGE 3

## Lucknow Univ students start getting job offers

**PNS** ■ LUCKNOW

Former director of Lucknow University's Placement Cell Madhurima Lall said the results of job fair which was conducted in March have started pouring in even as there is serious crisis.

"More than 70 top companies participated in the mega job fair organised by the placement cell on March 5 in LU and March 6 and 7 in IMS but immediately after that, the university was closed for Holi but the vacations were extended due to lockdown. We had told the companies that as soon as the situation became normal, the results of job fair must be taken up first before creating any new opportunities," Lall said.

She said even as the coronavirus pandemic was still there, the companies were now coming up with appointments offers for LU students. "Our placement scenario is one of the best and we have the strongest database for our students," she said.

"More than 300 LU students took the national-level employability skill test and I am happy that we are receiving offer letters from many companies while the rest will also be sending their offer letters as soon as the respective companies start their normal functioning. Our students are of great calibre and very much in demand by the top industries," she added.

HINDUSTAN PAGE 10

## एलयू: बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र कल से

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

प्रदेश के बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए आगामी सोमवार तक प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन के स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है।

कोशिश की जा रही है कि सोमवार शाम तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएं। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम भी किए जा रहे हैं।

इस बार की बीएड प्रवेश परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय करा रहा है। परीक्षा के लिए करीब 4.31 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षा आगामी नौ अगस्त को प्रस्तावित है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की लगभग सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि कोशिश हो रही है कि सोमवार तक अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दें। सोमवार को सुबह एक प्रवेश पत्र को नमूने के तौर पर पहले अपलोड करेंगे। सबकुछ ठीक रहा तो शाम तक सभी के प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

प्रवेश पत्र लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। अभ्यर्थी अपने पंजीकरण नम्बर से अपने-अपने प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### 73 जिलों में बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

कोरोना काल में छात्रों की सुविधा के लिए इस बार परीक्षा के लिए 73 जिलों में केन्द्र बनाए गए हैं। जिलों में पांच अधिकारियों की टीम बनाई गई है। इनमें, उच्च शिक्षा अधिकार, जिले का डीआईओएस, जिलाधिकारी, राज्य विश्वविद्यालयों से नामित नोडल कॉर्डिनेटर, पर्यवेक्षक शामिल होंगे। सभी केन्द्रों पर कोरोना संक्रमण से बचाव की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दावा है कि केन्द्र के भवन से लेकर अभ्यर्थियों के बैठने की जगह तक को सैनिटाइज किया जाएगा। थर्मल स्कैनिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। अगर किसी अभ्यर्थी के शरीर का तापमान अधिक भी पाया जाता है तो उसे परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा। बल्कि उसे अलग बैठाकर परीक्षा कराई जाएगी।

DAINIK JAGRAN PAGE 5

## लविवि : राइटिंग प्रतियोगिता में स्वेच्छा और उत्सव पहले स्थान पर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विवि के विधि संकाय की ओर से आयोजित डॉ. आरयू सिंह नेशनल मेमोरियल राइटिंग प्रतियोगिता का शनिवार को परिणाम घोषित हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन विधि संकाय स्थित लखनऊ विवि मूट कोर्ट एसोसिएशन द्वारा कराया गया। देश के विभिन्न क्षेत्रों से 75 टीमों ने अपने-अपने विवि का नेतृत्व किया। प्रतियोगिता का विषय 'बॉयज लॉकर रूम' था। लॉयड लॉ कॉलेज के स्वेच्छा एवं उत्सव प्रथम स्थान पर रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 2

## लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया राइटिंग कंपटीशन का परिणाम

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से आयोजित किये जा रहे डॉक्टर आरयू सिंह नेशनल मेमोरियल राइटिंग कम्पटीशन का परिणाम घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विधि संकाय लखनऊ यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट एसोसिएशन की ओर से करवाया गया था। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विधि के छात्रों में वर्तमान की घटनाओं के प्रति विधिक दृष्टिकोण का विकास करना था। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से 75 टीमों (प्रमुखत: जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय असम, सिम्बोसिस लॉ स्कूल नोएडा, दिल्ली विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय नागपुर, महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय, लॉयड लॉ कॉलेज आदि) ने अपने-अपने विधि विश्विद्यालयों का नेतृत्व किया। इस प्रतियोगिता में 30 एक-सदस्यीय टीमें थीं बाकी द्वि-सदस्यीय टीमें थीं। इस प्रतियोगिता का विषय 'बॉयज लॉकर रूम' प्रकरण पर आधारित था।